**<u>नराकास के तत्वावधान में इरेडा द्वारा आयोजित 'चित्र अभिव्यक्ति  लिखित प्रतियोगिता' की रिपोर्ट</u>**

दिनांक 04 दिसम्बर, 2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम-I), दिल्ली के तत्वावधान में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा 'चित्र अभिव्यक्ति लिखित' प्रतियोगिता आयोजित की गई । । इस  प्रतियोगिता का संचालन सुश्री संगीता श्रीवास्तव, प्रमुख प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा किया गया । प्रतियोगिता में विभिन्न उपक्रमों (पीएसयू) से आए हुए कुल 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । नराकास सचिव अपरिहार्य कारण से प्रतियोगिता में उपस्थित नहीं हो सके ।

सबसे पहले सुश्री संगीता श्रीवास्तव, प्रमुख प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा सुश्री माला घोष चौधुरी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), इरेडा सहित विशेषज्ञा श्रीमती चन्द्र कला मिश्र, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.-राजभाषा) का स्वागत पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया । इसके उपरांत प्रतियोगिता का शुभारंभ महाप्रबंधक (मानव संसाधन), इरेडा, प्रमुख प्रबंधक (राजभाषा), इरेडा तथा विशेषज्ञा द्वारा दीप प्रज्जवलित से किया गया । महाप्रबंधक (मानव संसाधन), इरेडा द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शुभकामनाएं दी गई ।

चित्र अभिव्यक्ति लिखित प्रतियोगिता में एक-एक करके सभी उपक्रमों से आए प्रतिभागियों ने अपना-अपना परिचय दिया उसके उपरांत विशेषज्ञा द्वारा प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी गई । सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन की प्रशंसा की गई । इसके उपरांत विशेषज्ञा द्वारा भी इस प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की गई।  प्रतियोगिता के उपरांत सभी प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी । प्रतियोगिता का समापन प्रमुख प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर किया गया । प्रतियोगिता के परिणाम शीघ्र ही नराकास को भेजे जाएंगे ।









]

